भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या-296**
उत्तर देने की तारीख-16/12/2024

**झारखंड में शैक्षिक परियोजनाएं**

†*296. **डॉ. निशिकान्त दुबे:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) झारखंड में चलायी जा रही शैक्षिक परियोजनाओं का जिलावार ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान झारखंड में इन परियोजनाओं के लिए आवंटित/जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;
(ग) उपरोक्त अवधि के दौरान झारखंड में उच्च शिक्षा परियोजनाओं पर जिलावार कुल कितनी धनराशि व्यय की गई; और
(घ) झारखंड में ऐसी शैक्षिक परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**शिक्षा मंत्री**
**(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

**माननीय संसद सदस्य डॉ. निशिकान्त दुबे द्वारा 'झारखंड में शैक्षिक परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 16.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 296 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) से (ग): सरकार ने शैक्षिक रूप से असेवित/अल्पसेवित क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि हेतु 12,926.10 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-यूएसएचए) के रूप में जून 2023 में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) के तीसरे चरण का शुभारंभ किया है।

वर्ष 2013 में आरयूएसए योजना की शुरूआत से, झारखंड में इस योजना के अंतर्गत पीएम-यूएसएचए के तहत 20 इकाइयों सहित कुल 105 इकाइयां अनुमोदित की गई हैं। अनुमोदित परियोजनाओं का जिले-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है। अनुमोदित 468.34 करोड़ रुपये के कुल केंद्रीय हिस्से के सापेक्ष 276 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है, जिसमें से वर्ष 2021-22 (अर्थात् 2021-22 से 2024-25 तक) से झारखंड को 40.21 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है।

इसके अतिरिक्त, केन्द्र सरकार झारखंड राज्य में उच्चतर शिक्षा विभाग के अंतर्गत अन्य केंद्रीय वित्तपोषित उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए निधियां प्रदान करती है तथा ऐसे संस्थानों के लिए विगत तीन वर्षों तथा मौजूदा वर्ष के दौरान जारी निधियां निम्नानुसार हैं:

| **संस्थान का नाम** | **जिले का नाम, जहां संस्थान स्थित है** | **जारी की गई निधियां (करोड़ रुपये में)** | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25 (आज तक की स्थिति के अनुसार)** |
| भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स) | धनबाद | 264.84 | 316.51 | 374.19 | 328.28 |
| राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान | जमशेदपुर | 98.07 | 120.82 | 141.18 | 101.29 |
| भारतीय प्रबंध संस्थान | रांची | 116.68 | - | - | - |
| भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (पीपीपी) | रांची | 11.51 | 18.95 | 25.00 | - |
| केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड | रांची | 68.12 | 98.70 | 105.45 | 60.52 |
| राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान | रांची | 47.97 | 54.53 | 37.00 | 31.36 |

(घ): केन्द्र सरकार हितधारकों के साथ नियमित ऑनलाइन/वास्तविक समीक्षा बैठकों के माध्यम से इन शिक्षा परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी कर रही है। आरयूएसए के अंतर्गत शैक्षिक परियोजनाओं का कार्यान्वयन और निगरानी करना केन्द्र और राज्य सरकारों दोनों का उत्तरदायित्व है।

****

**अनुलग्नक**

**माननीय संसद सदस्य डॉ. निशिकान्त दुबे द्वारा 'झारखंड में शैक्षिक परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 16.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 296 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**आरयूएसए/पीएम-यूएसएचए के अंतर्गत झारखंड में अनुमोदित परियोजनाओं का जिले-वार ब्यौरा**

| **क्र. सं.** | **जिला** | **अनुमोदित इकाइयों की संख्या** | **अनुमोदित राशि (करोड़ रुपए में)** | **अनुमोदित केंद्रीय हिस्सा (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो | 8 | 42 | 25.2 |
| 2 | चतरा | 4 | 23 | 13.8 |
| 3 | देवघर | 4 | 8 | 4.8 |
| 4 | धनबाद | 8 | 19 | 11.4 |
| 5 | दुमका | 7 | 53 | 31.8 |
| 6 | पूर्वी सिंहभूम | 9 | 97 | 58.2 |
| 7 | गढ़वा | 3 | 19 | 11.4 |
| 8 | गिरिडीह | 5 | 33 | 19.8 |
| 9 | गोड्डा | 5 | 39 | 23.4 |
| 10 | गुमला | 3 | 19 | 11.4 |
| 11 | हजारीबाग | 8 | 136.79 | 82.07 |
| 12 | जमतारा | 1 | 5 | 3 |
| 13 | खूंटी | 1 | 5 | 3 |
| 14 | कोडरमा | 1 | 2 | 1.2 |
| 15 | लातेहार | 1 | 12 | 7.2 |
| 16 | लोहरदगा | 1 | 2 | 1.2 |
| 17 | पाकुड़ | 2 | 16 | 9.6 |
| 18 | पलामू | 3 | 27 | 16.2 |
| 19 | रामगढ़ | 5 | 25 | 15 |
| 20 | रांची | 12 | 98 | 58.8 |
| 21 | साहिबगंज | 3 | 8 | 4.8 |
| 22 | सरायकेला खरसावां | 2 | 7 | 4.2 |
| 23 | सिमडेगा | 2 | 17 | 10.2 |
| 24 | पश्चिमी सिंहभूम | 4 | 44 | 26.4 |
| 25 | एक इकाई के रूप में राज्य | 3 | 18.67 | 14.27 |
| | **कुल** | **105** | **775.46** | **468.34** |

*****